तापमान
अधिकतम 32 डिग्री
न्यूनतम 23 डिग्री

# हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 11 सितंबर 2025

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

4 सामुदायिक शौचालय का लोगों को नहीं मिल रहा लाभ, बना शो पीस



## खबर संक्षेप

### भाजपा का सेवा पखवाड़ा कार्यशाला आज

**मनेन्द्रगढ़।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल मनेन्द्रगढ़ द्वारा 11 सितंबर को एक दिवसीय मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यशाला प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितंबर से गांधी व शास्त्री जयंती 2 अक्टूबर तक मनाए जाने वाले सेवा पखवाड़ा की तैयारी को लेकर रखी गई है। गुजराती भवन मनेन्द्रगढ़ में दोपहर 3 बजे से होने वाली इस कार्यशाला में मंडल प्रभारी द्वारिका जायसवाल एवं जिला मीडिया प्रभारी रामचरित द्विवेदी की उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम में मंडल संयोजक आलोक जायसवाल, सह संयोजक जयंती लाल यादव एवं विवेक अग्रवाल मार्गदर्शन देंगे।

### वरिष्ठ साहित्यकार गिरीश आज बैकुंठपुर में

**बैकुण्ठपुर।** शहर में व्यवस्थित सेल्फस्टडी जोन लाइब्रेरी की आवश्यकता को देखते हुए स्थानीय गुलाब कॉम्प्लेक्स बाय सागरपारा नगर पालिका के सामने प्रथम तल पर डीएस पाठशाला का शुभारंभ रायपुर राजभाषा आयोग दिल्ली के सलाहकार सदस्य व्यंग्यश्री से सम्मानित गिरीश पंकज के कर कमल से 11 सितंबर को समय 10 बजे संपन्न होगा। विदित हो कि शिक्षा एवं सकारात्मक गतिविधियों द्वारा पाठशाला में व्यक्तिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास का उपक्रम विद्यार्थी, युवा एवं सभी जनमानस के लिए स्थापित किया जा रहा है। सेल्फ स्टडी जोन लाइब्रेरी में वातानुकूलित साइलेंट जोन, निःशुल्क इंटरनेट सुविधा, सेपरेट केबिन, निःशुल्क पेयजल व्यवस्था, इंडिविजुअल लाइट, सीसीटीवी कैमरे से निगरानी, फोन एवं लैपटॉप चार्जिंग स्टेशन, 24 घंटे विद्युत व्यवस्था, सेपरेट वॉशरूम, मांग अनुरूप पुस्तक सेवाएं उपलब्ध रहेगी।

### कलेक्टर जनदर्शन में आए 21 आवेदन

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशन में अपर कलेक्टर अनिल कुमार सिदार ने 9 सितंबर को भरतपुर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय कक्ष में जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं को सुना। जिले के ग्रामीण जन और नागरिकों ने जनदर्शन में अपनी छोटी-बड़ी समस्याओं को सीधे अपर कलेक्टर के समक्ष रखा। अपर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्रता से समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। बुधवार को जनदर्शन में कुल 21 आवेदन प्राप्त हुए।

### नाबालिग वाहन चालकों पर शिकंजा, 6 पकड़े गए




**अनूपपुर।** जिला यातायात पुलिस द्वारा जिलेभर में नाबालिग वाहन चालकों के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कोतमा के एक निजी स्कूल के बाहर चेकिंग की गई तो कई नाबालिग वाहन चालक छुपते-छुपाते नजर आए, लेकिन सख्त कार्रवाई से कोई बच नहीं सका। कार्रवाई के दौरान 6 नाबालिग वाहन चालकों को पकड़ा गया और कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक ने कहा है कि नाबालिगों को वाहन सौंपने वाले अभिभावक भी उतने ही दोषी होंगे जितना चालक,ऐसे मामलों में अभिभावकों पर भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। नाबालिगों द्वारा वाहन चलाना केवल कानूनी अपराध ही नहीं बल्कि मासूम जिंदगियों को खतरे में डालने वाला कदम है। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यातायात पुलिस शून्य सहिष्णुता की नीति अपनाए हुए है,अभिभावक अपने बच्चों को वाहन न सौंपे।

### सौंदर्यीकरण और उचित रखरखाव की है जरुरत

# धीरे-धीरे बदहाल हो रहे शहर के प्राचीन तालाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शहरी क्षेत्र में तालाबों के सौंदर्यीकरण के नाम पर लाखों रूपए खर्चकर दिए गए, बावजूद इसके शहर के तालाबों की स्थिति ठीक नहीं है। हालत यह है कि न तो शहर क्षेत्र के तालाब की साफ-सफाई ही अच्छी तरह से हो पाई है और न ही सौंदर्य निखरा है, जबकि तालाबों के साफ-सफाई एवं सौंदर्यीकरण के नाम पर लाखों रूपए फूंक दिए। सरोवर धरोहर योजना के नाम पर खानापूर्ति की तर्ज पर शासकीय राशि को खर्च किया गया।

शहर क्षेत्र में स्थित तालाबों की स्थिति कैसी है यह किसी से छिपी नहीं है। रियासतकाल के दौरान बने शहर के जोड़ा तालाबों की स्थिति भी खराब है, पैलेस मार्ग पर स्थिति जेल तालाब के सफाई एवं गहरीकरण के नाम पर लाखों रूपए खर्च किए जा चुके हैं, लेकिन वर्तमान में जेल तालाब पर नजर डालने पर पूरे तालाब में जलीय पौधा तालाब के पानी के उपर फैला हुआ है। वहीं बगल में राम मंदिर तालाब की स्थिति भी ज्यादा ठीक नहीं है। इस तालाब में भी किनारे में कचरे फैले हुए दिखाई देते हैं, इसके अलावा प्रतीक्षा बस स्टैंड के पास स्थित प्राचीन तालाब की दशा भी ठीक नहीं है। शहर की प्राचीन धरोहर में से एक शहर में स्थित प्राचीन तालाबों के संरक्षण एवं सुरक्षित रखने के लिए ईमानदारी से संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण का प्रयास किया जाना चाहिए ,ताकि अपने अस्तित्व खोने से धरोहर प्राचीन सरोवरों को बचाया जा सके।



तालाब की बंद पड़ी लाइट।

### सौंदर्यीकरण के नाम पर लाखों खर्चे

शहर के प्रतीक्षा बस स्टैंड के अलावा पैलेस मार्ग पर स्थित जोड़ा तालाबों के सौंदर्यीकरण के नाम पर पूर्व में लाखों रूपए खर्च कर दिए गए हैं, इसके बाद भी उक्त जगहों के तालाबों की स्थिति में कुछ खास सुधार नहीं हो पाया है। यदि ईमानदारी के साथ उक्त जगहों के तालाबों के सौंदर्यीकरण किया जाए तो शहर के बीच स्थित तालाबों की स्थिति सुधर सकती है, लेकिन खानापूर्ति के तर्ज पर कार्य कराए जाने के कारण ही प्राचीन धरोहर सरोवरों की स्थिति में सुधार नहीं हो पा रहा है।

### लाखों के लाईटिंग बंद पडे कुछ गायब हुए

शहर के प्रतीक्षा बस स्टैंड के पास स्थित प्राचीन तालाब के सौंदर्यीकरण के नाम पर विद्युत खंभे लगाकर लाईटिंग की व्यवस्था की गई,जो महीनों से बंद पडे हैं, इसके सुधार की दिशा में ध्यान नहीं दिया जा रहा है नतीजा रात्रि में उक्त तालाब किनारे की सभी लाइट बंद रहने से अंधेरा छाया रहता है, इसके अलावा उक्त तालाब के किनारे सौंदर्यीकरण के लिए आकर्षक लाईटिंग लगाई गई थी वह गायब हो गए। लगाए गए लाईटिंग चोरी हो गए और कुछ को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। हालत यह है कि प्रतीक्षा बस स्टैंड के पास के तालाब का सौंदर्य निखरा नहीं बल्कि रात्रि में अंधेरे में डुबे रहता है।



# रुक-रुक कर हो रही बारिश खेती के लिए फायदेमंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

बारिश अब विदाई की ओर बढ़ रही है, लेकिन विदा होते-होते भी जमकर बरस रही है।

सोमवार को कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर सहित जिले के कई क्षेत्रों में जमकर एक घंट से अधिक समय तक झमाझम बारिश हुई, इसके एक दिन छोड़कर बुधवार को सोनहत जनपद के कई क्षेत्रों में दोपहर के समय गरज चमक के साथ जमकर मूसलाधार बारिश आधे घंटे से अधिक समय के लिए हुई, इससे पूरा क्षेत्र तरबतर हो गया। वर्तमान में हो रही बारिश से धान फसलों के लिए लाभदायक साबित हो रहा है। अब बारिश की गतिविधियां आषाढ़ सावन की तरह तो नहीं होगी, लेकिन समय-समय पर बारिश ही होगी। अब बारिश की गतिधियों की गति धीमी हो गई है। खेतों में कांस के फूल खिल गए हैं, जो यह संकेत देता है कि बारिश अब बूढ़ा हो गया अर्थात बारिश की गतिविधि कम हो जाएगी। अब पहले जैसी बारिश की झडी नहीं लगेगी, लेकिन समय-समय पर होने वाली बारिश धान फसलों के लिए लाभदायक होगा। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष आषाढ़ की शुरूआत के साथ ही जमकर बारिश की शुरूआत हुई, जो सावन व भाद्रपद मास में भी जमकर बारिश हुई। इसके चलते खेतों में पानी की कमी का समाना नहीं करना पड़ा।

# विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिला अस्पताल बैकुंठपुर में राजवाड़े इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग के छात्र-छात्राओं द्वारा विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर इंस्टीट्यूट की प्राचार्या मोनिका टोप्पो एवं अध्यापिका अर्चना मिश्रा के मार्गदर्शन में छात्रों ने आत्महत्या की समस्या, उसके कारण एवं बचाव संबंधी जानकारियां साझा कीं।



वहीं जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर के मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. सुमन कुमार ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को आत्महत्या से जुड़े लक्षण, डिप्रेशन और एंग्जायटी जैसी मानसिक समस्याओं के समाधान तथा समय रहते मदद लेने के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में बताया गया कि हर साल 10 सितंबर को विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस मनाने का उद्देश्य समाज में आत्महत्या जैसे संवेदनशील विषय पर जागरूकता फैलाना है। इसका मकसद है आत्महत्या से जुड़े सामाजिक स्टीग्मा को कम करना, मानसिक स्वास्थ्य पर खुली बातचीत को प्रोत्साहित करना और परिवार एवं समाज में सकारात्मक माहौल बनाना, ताकि जरूरत पड़ने पर लोग मदद लेने में हिचकिचाएं नहीं।छात्र-छात्राओं ने संदेश दिया कि समय पर उचित उपचार और भावनात्मक सहारा देकर अनेक जिंदगियों को बचाया जा सकता है।

### भालू का कहर, दो महिलाओं पर हमला, एक गंभीर



**मनेन्द्रगढ़।** क्षेत्र में भालू आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। ग्राम पंचायत बंजी के गुरचहवा पारा में बुधवार को बकरी चरा रही एक महिला पर भालू ने अचानक हमला कर दिया। महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे तत्काल मनेन्द्रगढ़ अस्पताल लाया गया है। इसी तरह बिहारपुर क्षेत्र में भी 10 सितंबर को एक गर्भवती महिला शांति देवी पर भालू ने हमला कर उसके चेहरे को बुरी तरह नोच डाला। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है और उसे इलाज के लिए अंबिकापुर रिफर किया गया है। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं से ग्रामीणों में भारी दहशत है। लोग अब जंगल जाने से डर रहे हैं और प्रशासन से भालू आतंक पर रोक लगाने की मांग कर रहे हैं।

# पीजी कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस

**बैकुण्ठपुर।** छग राज्य रजत जयंती महोत्सव अंतर्गत शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैकुंठपुर में राष्टीय सेवा योजना (महिला एवं पुरूष इकाई) द्वारा अंतराष्टीय साक्षरता दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य एवं जिला संगठक डॉ. एमसी हिमधर के संरक्षण तथा कार्यक्रम अधिकारियों श्रीमती जयश्री प्रजापति एवं अनुरंजन कुजूर के संयोजन में हुआ। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सौभाग्यवती सिंह मुख्य अतिथि रहीं। अतिथियों ने मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। तत्पश्चात राज्य गीत प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर नवभारत उल्लास कार्यक्रम पर आधारित नारा लेखन प्रतियोगिता एवं रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। नारा लेखन में प्रथम स्थान कु. रीता एमएससी तृतीय सेम., द्वितीय स्थान कु. साक्षी यादव बीएससी प्रथम सेम और तृतीय स्थान कु. अफसाना बानो एमएससी तृतीय सेम ने प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सुषमा वती, साक्षी यादव एवं निकिता साहू बीएससी प्रथम सेम समूह, द्वितीय स्थान अर्पणा सिंह, पूनम राजवाड़े, डोलिमा एवं ममता समूह तथा तृतीय स्थान नीतू राजवाड़े और तेजस्विता समूह को मिला। ⏭ शेष पेज 4 पर



# आयुष स्वास्थ्य जागरुकता शिविर




**मनेन्द्रगढ़।** छग रजत महोत्सव के उपलक्ष्य में हर दिन हर घर आयुर्वेद अभियान के तहत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (नीला ड्रेस) मनेन्द्रगढ़ में आयुष स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धतियों की गहन जानकारी, पोषण, स्वच्छता एवं मौसमी बीमारियों की जानकारी एवं रोकथाम के उपाय, साथ ही आयुर्वेदिक थीम में आयुष एवं स्वास्थ्य प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विजेता बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप विभिन्न पुरूस्कार शासकीय होम्योपैथिक औषधालय मनेन्द्रगढ़ की तरफ से दी गई। कार्यक्रम में 125 बालिकाएं और शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे, इसके साथ ही शासकीय होम्योपैथिक औषधालय मनेन्द्रगढ़ से होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ.तेजकांत सोनकर, फार्मासिस्ट महेन्द्र बडाईक, अभिमन्यु नाहक, भूखन ने अपनी सेवाएं दी। साथ ही विद्यालय परिवार से शिक्षक टी. विजय गोपाल राव का सराहनीय योगदान रहा। प्रतियोगिता के विजेताओं में उमावती 12 वीं को प्रथम पुरस्कार, चंचल 11 वीं को द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया। वहीं सांत्वना पुरस्कार विजेता में उमा 12 वीं, चंचल शोरी 12 वीं, रितु 12 वीं, माही 11 वीं, मुस्कान 11 वीं, पूर्णिमा 12 वीं, आकांक्षा 11 वीं व रिया गुप्ता 10 वीं को सम्मानित किया गया।

### हर बालिका को मिलेगा उच्च शिक्षा का अवसर

**मनेन्द्रगढ़।** जिले की छात्राओं के लिए अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की ओर से एक महत्वपूर्ण पहल की गई है, इसके अंतर्गत अजीम प्रेमजी स्कॉलरशिप प्रारंभ की गई है, जिसका उद्देश्य जरूरतमंद बालिकाओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के अवसर प्रदान करना है। इस योजना के तहत प्रत्येक चयनित छात्रा को प्रतिवर्ष 30 हजार रूपए की स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी, जिसका उपयोग ट्यूशन फीस या अन्य शिक्षा संबंधी खर्चों के लिए किया जा सकेगा। यह छात्रवृत्ति स्नातक डिग्री या डिप्लोमा पाठ्यक्रम की संपूर्ण अवधि, जो दो से पांच वर्ष तक की हो सकती है के लिए उपलब्ध रहेगी। स्कॉलरशिप के लिए वहीं छात्राएं पात्र होंगी जिन्होंने कक्षा 10 वीं और 12 वीं की पढ़ाई नियमित छात्रा के रूप में किसी सरकारी विद्यालय से पूर्ण की हो और शैक्षणिक सत्र 2025-26 में किसी मान्यता प्राप्त कॉलेज या विश्वविद्यालय में प्रथम वर्ष के स्नातक डिग्री या डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश लिया हो। प्रवेश भारत के किसी भी सरकारी या विश्वसनीय निजी कॉलेज में होना आवश्यक है। यह योजना छग सहित अनेक राज्य एवं केन्द्र शासित प्रदेशों की छात्राओं के लिए लागू है। आवेदन प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क होगी और केवल ऑनलाइन वेबसाइट के माध्यम से स्वीकार किए जाएंगे। प्रथम चरण 10 से 30 सितंबर तक तथा द्वितीय चरण 10 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक चलेगा।

# रजत जयंती पर विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन



**बैकुण्ठपुर।** छग राज्य निर्माण की 25 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर में रजत जयंती समारोह के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। यह आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.आरएन कच्छप के मार्गदर्शन एवं राष्टीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में हुआ। कार्यक्रम में भाषण, क्विज, पोस्टर निर्माण एवं समूह परिचर्चा प्रतियोगिताएं आयोजित की गर्इं। भाषण प्रतियोगिता में 12 छात्राओं ने भाग लिया। क्विज में 7 समूह सम्मिलित हुए। पोस्टर निर्माण में 33 छात्राओं ने अपनी प्रतिभा दिखाई। समूह परिचर्चा में 27 छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी की। प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने छग के विकास की यात्रा, उपलब्धियों एवं भविष्य की संभावनाओं को अपने विचारों, पोस्टर और परिचर्चा के माध्यम से प्रस्तुत किया। भाषण प्रतियोगिता प्रथम पुष्पा, द्वितीय प्रीति पाण्डेय, तृतीय पुष्पांजलि रही। क्विज प्रतियोगिता प्रथम वंदना, द्वितीय सरिता, तृतीय शालू, पुष्पा, प्रियंका, समूह परिचर्चा प्रतियोगिता प्रथम पूजा यादव, द्वितीय पुष्पांजलि, तृतीय प्रीति, निर्जला, प्रीति रही। इस अवसर पर महाविद्यालयीन स्टाफ में भारत सिंह, श्रीमती कनकलता पैकरा, डॉ. सुमित कुमार डे, वरूण कुमार कुशवाहा, रितेश कुमार गुप्ता, डॉ. पवन कुमार उपाध्याय, डॉ. ज्ञानचंद्र पाल, बिक्की राम, सुमित मिश्रा, विनय कुमार गुप्ता, विजय कुमार, मो. अमजद, सुश्री दीप्ति केरकेट्टा, महेन्द्र कुमार कुर्रे, तेजी लाल कुजूर, भागवत प्रसाद साहू, सुश्री खुशबू, सत्येन्द्र पैकरा, बिनयामिन लकड़ा, श्रीमती उर्मिला, श्रीमती अनिता सहित अन्य कर्मचारी एवं छात्राएं सक्रिय रूप से उपस्थित रहीं।

### 370 लोगों का हुआ आधार अपडेट

# आधार नवीनीकरण शिविर में उमड़ी भीड़, बुजुर्ग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शहर के मानस भवन में बुधवार को एक दिवसीय आधार कार्ड नवीनीकरण शिविर का आयोजन किया गया। सुबह से ही नवीनीकरण कराने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। शिविर में पहुंचे लोगों का कहना है कि आधार कार्ड नवीनीकरण का कार्य सिर्फ एक दिन में करना संभव नहीं है। हम सुबह से लाइन में लगे हैं, लेकिन इतनी भीड़ है कि नंबर आने में ही घंटों लग रहे हैं, इससे बुजुर्गों की परेशानी काफी बढ़ी रही।

दूर दराज से पहुंचे लोगों का कहना है कि जिला प्रशासन को यह शिविर आगे भी संचालित कराना चाहिए। शिविर में वृद्धजन, दिव्यांगजन और स्कूली बच्चे विशेष रूप से शामिल थे। यूआईडीएआई के विशेषज्ञों की उपस्थिति में आयोजित इस शिविर में आधार से संबंधित बायोमेट्रिक मिसमैचिंग, मल्टीपल रीजेक्शन के प्रकरणों का त्वरित निराकरण किया गया। साथ ही आधार कार्ड बनवाने में आ रही विभिन्न समस्याओं का समाधान भी किया गया। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों ने लोगों को आधार कार्ड से जुड़ी आवश्यक जानकारी भी प्रदान की। यूआईडीएआई के विशेषज्ञों की उपस्थिति में आयोजित इस शिविर में आधार से संबंधित बायोमेट्रिक मिसमैचिंग, मल्टीपल रीजेक्शन के प्रकरणों का त्वरित निराकरण किया गया। साथ ही आधार कार्ड बनवाने में आ रही विभिन्न समस्याओं का समाधान भी किया गया। शिविर का निरीक्षण करने जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित राम पैकरा एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े पहुंची।

शिविर में स्वास्थ्य विभाग, आयुष विभाग के टीम द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई। 10 सितंबर को शिविर में 615 लोगों का पंजीयन किया साथ ही लगभग 370 लोगों का आधार कार्ड अपडेट किया गया। उल्लेखनीय है कि छग रजत जयंती महोत्सव एवं आदि कर्मयोगी अभियान के तहत जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को जिला मुख्यालय पर मानस भवन में जिला स्तरीय आधार कार्ड समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया था।



आधार कार्ड नवीनीकरण में उमड़ी भीड़।



लगी लंबी लाइन।

### एमसीबी में उड़नदस्ता दल सक्रिय

# खाद-बीज की कालाबाजारी पर अब रहेगी नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

किसानों को गुणवत्ता पूर्ण खाद, बीज और कीटनाशक उपलब्ध कराने तथा कालाबाजारी और मिलावट पर अंकुश लगाने के लिए जिला कृषि विभाग ने विशेष उड़नदस्ता दल का गठन किया है।

उप संचालक कृषि इन्द्रासन सिंह पैकरा ने बताया कि यह दल जिले के विभिन्न निजी एवं सहकारी प्रतिष्ठानों का नियमित एवं औचक निरीक्षण करेगा। निरीक्षण के दौरान खाद-बीज एवं कीटनाशक की गुणवत्ता की जांच होगी और यदि किसी भी प्रतिष्ठान में अनियमितता पाई जाती है तो दोषियों के विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल में शामिल अधिकारी जिला स्तरीय निरीक्षक जयंत कुमार पैकरा, सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी महेश कुमार पैकरा, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार कुर्रे, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी रवि कुमार गुप्ता, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी नीरज कुमार जायसवाल, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी भरतपुर गजराज सिंह चौहान , कृषि विकास अधिकारी इंद्रपाल वास्कले, कृषि विकास अधिकारी श्रीमती मेहनजा अंसारी सहित अन्य तकनीकी अधिकारी भी दल में शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### एसईसीएल बिश्रामपुर में पदस्थ 11 सुरक्षाकर्मियों को पदोन्नति



**बिश्रामपुर।** एसईसीएल के विभिन्न क्षेत्रों में पदस्थ 86 सुरक्षाकर्मियों को कंपनी प्रबंधन ने पदोन्नति प्रदान की है जिनमें से बिश्रामपुर क्षेत्र में पदस्थ 11 सुरक्षा कर्मी इस सूची से लाभान्वित हुए हैं,बिश्रामपुर क्षेत्र में पदस्थ प्रधान सुरक्षा प्रहरी राम सिंह के सहायक सुरक्षा उपनिरीक्षक के पद पर पदोन्नत होने पर आज मंगलवार को क्षेत्रीय महाप्रबंधक कार्यालय में डॉ संजय सिंह व महाप्रबंधक संचालन जीके रॉय ने राम सिंह के कंधे में स्टार लगा कर पदोन्नति की शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर अधिकारियों ने सहायक सुरक्षा उपनिरीक्षक को ईमानदारी से कंपनी के हित में कार्य करते रहने के लिए प्रेरित किया।इस दौरान क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी अमरेंद्र नारायण सिंह सहित सहित अन्य लोग उपस्थित थे,गौरतलब है कि 6 सितंबर को कंपनी मुख्यालय से जारी प्रमोशन सूची में 36 सुरक्षा प्रहरियों को वरिष्ठ सुरक्षा प्रहरी जबकि 44 वरिष्ठ सुरक्षा प्रहरियों को प्रधान सुरक्षा प्रहरी, वहीं 6 प्रधान सुरक्षा प्रहारियो को सहायक सुरक्षा उपनिरीक्षक के पद पर पदोन्नति दी गई है,सभी पदोन्नत कर्मियों के लिए 6 माह की परिवीक्षा अवधि निर्धारित की गई है।

### ग्राम पंचायत कंचन टोली में हुआ फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ

**कुसमी।** ग्राम पंचायत कंचन टोली में फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ जनपद उपाध्यक्ष अशोक सोनी और सरपंच नमिता भगत की उपस्थिति में किया गया। कुसमी विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कंचन टोली ग्राम पंचायत में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता में कुल 32 टीमों ने हिस्सा लिया है। रविवार को जनपद उपाध्यक्ष अशोक सोनी, कंचन टोली सरपंच की नमिता भगत की उपस्थिति में फुटबॉल खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ के अवसर पर ग्राम पंचायत जवाहर नगर एवं नगर पंचायत कुसमी के दर्री टोला के बीच प्रथम मैच खेला गया, दूसरा मुकाबला जवाहर नगर एवं ग्राम पंचायत राम नगर के बीच हुआ। फुटबॉल खेल प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 31 हजार, द्वितीय 15 हजार एवं तृतीय पुरस्कार 6 हजार सहित सांत्वना पुरस्कार वितरण किया जाएगा। इस दौरान राजेश्वर गुप्ता, सतानन्द कुशवाहा, संदीप निकुंज, रविन्द्र भगत, अरुण बेक, निर्दोष, मंगल,जगदीश सहित काफी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

### आईटीआई में प्रशिक्षार्थियों को दी गई पाठ्यक्रम की जानकारी

**अम्बिकापुर।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में नवप्रवेशित शिक्षार्थियों के लिए नव कौशल, नई राह, नया हुनर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य सी.एस.पैंकरा ने कहा कि संस्थान युवाओं को गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा देकर आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। प्रशिक्षण अधिकारियों ने क्राफ्ट्समैन ट्रेनिंग स्कीम के उद्देश्य, पाठ्यक्रम, प्रशिक्षण अवधि और लाभ के बारे में बताया तथा विभिन्न योजनाओं, छात्रवृत्ति, प्लेसमेंट अवसरों लेटरल एंट्री तथा अप्रेंटिसशिप के विषय में जानकारी दी। कार्यक्रम में शिक्षार्थियों की शंकाओं का समाधान प्राचार्य श्री पैंकरा ने किया तथा विद्यार्थियों को कठिन परिश्रम, अनुशासन और निरंतर सीखने की प्रेरणा दी।

### खोपा में युवक ने दुकान में लगाई फांसी

**बिश्रामपुर।** करंजी पुलिस चौकी के ग्राम खोपा में मंगलवार दोपहर 39 वर्षीय युवक सिखल राम राजवाड़े पिता बिरझु राम ने खोपा धाम के समीप अपने दुकान में गमछा के सहारे फांसी लगा खुदकुशी कर ली है।परिजनो के मुताबिक युवक शराब पीने का आदि था।सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा व पीएम कराने उपरांत मामले में मर्ग कायम किया है।

### भोजन करने के बाद बिगड़ी बालक की तबीयत, मौत

**अम्बिकापुर।** जयनगर थाना अंतर्गत गोपालपुर निवासी बादल टेकाम आ. कृष्णा टेकाम (15 वर्ष) बीती रात परिवार के अन्य सदस्यों के साथ घर में भोजन किया। भोजन करने के कुछ देर बाद ही बालक उल्टी करने लगा। बालक के पेट में दर्द तथा लगातार उल्टी करने से उसकी तबीयत काफी बिगड़ गई। परिजन बालक को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सको ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन ने पुलिस को बताया कि बालक शाम को गांव में मछली पकड़ने गया था और घर लेकर आया जिसके बाद भोजन करते ही उसकी तबीयत खराब हो गई। बालक की संदिग्ध हालत में मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

### महिला से दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शंकरगढ़।** जंगल से बकरी चराने गई महिला से दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है।
पुलिस के अनुसार महिला 3 सितम्बर को बैल व बकरी चराने के लिए दोपहर 2 बजे गोलाडिपा बजरमारा जंगल गई थी। इस दौरान महिला को अकेला पाकर सतेश्वर कोरवा ने उसे झाड़ी में खींच लिया और जबरन दुष्कर्म किया।

## अलग-अलग गांवों में बोल रहे धावा

# दल से अलग हुए दो दंतैल बने खतरनाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मैनपाट में लम्बे समय से भ्रमण कर रहा 13 हाथियों का दल ग्रामीणों की सुरक्षा की दृष्टि से बड़ी चुनौती बन गया है। मैनपाट के अलग-अलग क्षेत्रों में अकेले भ्रमण कर रहे दंतैलों ने ग्रामीणों की नींद उड़ा दी है। हाथियों की निगरानी में वनकर्मियों को भी कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है।

**खास बात**
- रतजगा कर रहे क्षेत्र के ग्रामीण

मैनपाट में भ्रमण कर रहे हाथियों के दल से दो दंतैल अलग हो गए हैं तथा पिछले एक पखवाड़े से अलग-अलग क्षेत्रों में भ्रमण कर रहे हैं वहीं 11 हाथियों का दल एक साथ घूम रहा है। ग्यारह हाथी कभी सीतापुर के सीमावर्ती गांवों में तो कभी कापू के सीमावर्ती गांवों में तबाही मचा रहे हैं। हाथियों के दूसरे क्षेत्र में जाने से लम्बे समय से रतजगा कर रहे ग्रामीणों को तबाही से राहत मिलने की उम्मीद थी लेकिन अकेले घूम रहे हाथियों ने ग्रामीणों की परेशानी और अधिक बढ़ा दी है। लोनर हाथी कभी भी बस्ती में पहुंच जा रहे हैं जिससे अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो जा रही है तथा ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर भागकर अपनी जान बचानी पड़ रही है। लोनर हाथी पिछले 10 दिनों से ग्राम बरडांड, बाबा पहाड़ एवं बरवाली बस्ती में धावा बोल रहे हैं। वन अमला एक गांव में पहुंचकर दंतैल को नियंत्रित करने के साथ ही ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा रहे हैं तभी दूसरे गांव से दंतैल के पहुंचने की सूचना आ जा रही है। ऐसे वनकर्मियों को भी पूरी रात भागदौड़ करनी पड़ रही है। बीती रात एक दंतैल बाबा पहाड़ में पहुंच गया था वनकर्मी ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की पहल कर ही रहे थे कि बरडांड में दूसरे दंतैल के पहुंचने की सूचना मिली। गजराज वाहन से दंतैल को खदेड़ा गया तो दूसरा दंतैल बरवाली बस्ती में पहुंच गया। वनकर्मियों एवं ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद सुबह 4 बजे दोनों दंतैलों को कापू जंगल में खदेड़ा।



गांव में निगरानी करते वनकर्मी व ग्रामीण।



क्षतिग्रस्त घर।

### हमले में गंभीर महिला की मौत

पांच दिन पूर्व हाथियों के हमले में गंभीर रूप से घायल जामकानी परसापारा निवासी सुकवारो पति प्रेमसाय कंवर (55वर्ष) की ईलाज के दौरान सोमवार की शाम मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। परिजन ने बताया कि 4 सितम्बर को पति-पत्नी घर में सो रहे थे। इस दौरान मध्यरात्रि 11 हाथी पहुंचे एवं घर के छप्पर को उखाड़ने लगे। शोर सुनकर नींद खुली तो पति-पत्नी किसी आदमी की हरकत समझ बाहर निकले तो हाथियों को खड़े देख घबरा गए तथा दोनों सुरक्षित ठिकाने की ओर भागने लगे। इस दौरान प्रेमसाय तो भाग निकला लेकिन सुकवारो भागने के दौरान अंधेरे में हाथी के पिछले पैर से टकराकर गिर पड़ी। इस दौरान हाथी उसके बाए पैर को कुचलकर दल के साथ चला गया। हाथियों के जाने पर ग्रामीणों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां स्थिति बिगड़ने पर चिकित्सकों ने उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रिफर कर दिया। उपचार के दौरान पीड़िता ने सोमवार को दम तोड़ दिया। परिजन ने बताया कि एक महीने पूर्व भी हाथियों ने धावा बोला था तथा घर में तोड़फोड़ की थी लेकिन विभाग द्वारा अब तक क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान नहीं किया है। हाथियों का दल अभी भी जामकानी एवं अलोला जंगल में जमा है। बीती रात अकेले घूम रहा दंतैल भी बस्ती में पहुंचा था।

#### फसलों को कर रहे तबाह

हाथी घरों में तोड़फोड़ मचाने के साथ ही धान व मक्का की फसल को तबाह कर रहे हैं। दल से अलग होने के बाद अकेले घूम रहे दंतैल आक्रामक हो गए हैं तथा बार-बार एक ही गांव में धावा बोल रहे हैं। अकेले घूम रहे हाथी आदमी को देखते ही हमलावर हो जा रहे हैं। सोमवार को ग्राम बाबा पहाड़ निवासी एक युवक का दंतैल से सामना हो गया था। युवक ने खाई में कूदकर अपनी जान बचाई।



### ईद मिलादुन्नबी पर किया गया रक्तदान

**झिंगो।** ईद मिलादुन्नबी के मौके पर रक्तदान एवं सुन्नत का कार्यक्रम जिला अध्यक्ष जफर खान की अध्यक्षता में किया गया। संगठन ने राजपुर ब्लॉक में 6 सितंबर को ईद मिलादुन्नबी के मौके पर रक्तदान एवं सुन्नत का कार्यक्रम तेज बल्ड सेंटर के डॉक्टरों की टीम ने संगठन के नेतृत्व में शिविर लगाया। जिला अध्यक्ष जफर खान ने बताया कि यह सामाजिक काम है जिसमें समाज को लाभ होगा। बल्ड जैसी समस्याओं से निदान पाने के लिए एक शुरुआत किया गया है। संगठन के काफी लोगों ने रक्तदान किया। जफर खान बताया कि इस तरह के सामाजिक काम पूरे जिले में लगातार किया जाएगा जिससे समाज में लोगों लाभ मिल सके। रक्तदान एवं सुन्नत के कार्यक्रम में राजपुर चिकित्सालय के बीएमओ डॉ. आलोक मिश्रा ने दवाओं और चिकित्सालय से स्टाफ भेजा। इस दौरान जफर खान, इंतखाब, मुस्तफा, मुबारक, तौफीक, इमरान, मोहसिन, सलमान, आकिब, नेसार, सद्दाम, हसरत, रईस, इखलाक, इरफान, एहसान, महफूज, मोजाफ़रि, साबिर, राजू सहित अन्य उपस्थित थे।



### भूषा लोड पिकअप अनियंत्रित होकर पलटा, चालक की मौत

**सीतापुर।** भूषा लोड पिकअप अनियंत्रित होकर खेत में पलट गया। इस हादसे में पिकअप चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल चालक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। बड़ी बात यह है कि अंदरूनी चोट लगने के बाद भी वाहन मालिक ने चालक को उपचार के लिए समय पर भर्ती नहीं कराया।

- वाहन स्वामी ने मामूली चोट बोलकर भेज दिया घर, उपचार के दौरान तोड़ दम

बताया जा रहा है कि ग्राम कतकालो निवासी 55 वर्षीय लोभन चौहान भूषा व्यवसायी मुकेश अग्रवाल निवासी सीतापुर के यहां चालक का काम करता था। रविवार को लोभन पिकअप वाहन क्रमांक यूपी 64 एटी 9579 से भूषा लेने रायगढ़ जिले के ग्राम मड़वाताल गया था। भूषा लेकर वापस लौटते समय थाना क्षेत्र के ग्राम कोटछाल के समीप चालाक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर खेत मे पलट गया। इस घटना में चालक को अंदरूनी चोट आई थी। घटना की सूचना मिलने के बाद चालक की पत्नी अपने परिचित के साथ बाइक से कोटछाल जाने के लिए निकली थी इस दौरान ग्राम डांगबुड़ा के पास सामने से पिकअप वाहन में घायल चालक को लेकर भूषा व्यवसायी मुकेश अग्रवाल आ रहा था। भूषा व्यवसायी घायल चालक को लेकर ग्राम सोनतराई स्थित अपने भूषा गोदाम पहुंचा। जब युवक की पत्नी मौके पर पहुंची तो व्यवसायी ने चालक को ज्यादा चोट नहीं आने की बात कहते हुए उसे उसकी पत्नी के सुपुर्द कर दिया। परिजन भी भूषा व्यवसायी की बातों पर भरोसा करते हुए चालाक को गोदाम से अपने साथ बाइक में लेकर घर पहुंचे लेकिन घर पहुंचने पर पता चला कि वह बेहोश है। दुर्घटना में चालक को कमर, पैर, बाई पसली एवं शरीर के अंदरूनी हिस्से में गंभीर चोट लगी थी। देर रात युवक को उपचार के लिए एंबुलेंस के जरिए सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान गंभीर हालत में युवक की मौत हो गई।

### बिश्रामपुर समेत 9 स्वास्थ्य केंद्रों में मनाया गया प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस



**बिश्रामपुर।** मातृत्व जीवन का सबसे अहम पड़ाव होता है, लेकिन यदि गर्भावस्था के दौरान समय पर जांच और इलाज न मिले तो यह मां और शिशु दोनों के लिए जोखिम भरा हो सकता है,इसी उद्देश्य से चलाए जा रहे प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का विशेष आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिश्रामपुर,लटोरी समेत अन्य 7 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में किया गया, उक्त अभियान के तहत 9 सितंबर को आयोजित इस विशेष दिवस पर सैकड़ों गर्भवती महिलाएं स्वास्थ्य केंद्र पहुंचीं यहां उनका रजिस्ट्रेशन,स्वास्थ्य जांच,रक्त एवं मूत्र की जांच,सोनोग्राफी,दवा वितरण,पोषण परामर्श औरकाउंसलिंग की व्यवस्था की गई थी,अभियान में विशेष रूप से हाई रिस्क प्रेगनेंसी वाली महिलाओं की पहचान कर उन्हें आवश्यक परामर्श और निगरानी में रखने की पहल की गई,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिश्रामपुर में इस अभियान को सफल बनाने के लिए पहले से ही पूरी तैयारी कर ली गई थी,यहां पर अलग रजिस्ट्रेशन काउंटर,काउंसलिंग डेस्क,लैब जांच और चिकित्सक परामर्श,दवा वितरण केंद्र की व्यवस्था की गई थी।

इस अवसर पर सुरजपुर बीएमओ डॉ अमित भगते ने कहा कि राज्य शासन के निर्देश पर जिले भर की सभी गर्भवती महिला को प्रत्येक माह की 9 और 24 तारीख को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं दी जा रही हैं,मातृ मृत्यु दर को कम करने के लिए हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है,अभियान को सफल बनाने में बीएमओ डॉ अमित भगत समेत शत्रुघ्न भगत,डॉ आकृति दुबे,डॉ ज्योत्सना बड़ा और सिस्टर मीनू राय सक्रिय रहे,गर्भवती महिलाओं ने इस अभियान को लेकर संतोष जताया,कई महिलाओं ने कहा कि पहले उन्हें नियमित जांच और सलाह के लिए दूर जाना पड़ता था, लेकिन अब उन्हें हर महीने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में ही सारी सुविधाएं मिल जाती हैं।



### युवा लेखक प्रशांत की नई पुस्तक कवच के पार का विमोचन

**सीतापुर।** युवा लेखक एवं साहित्यकार प्रशांत चतुर्वेदी द्वारा लिखित पुस्तक कवच के पार का विमोचन किया गया। कमलापुरी भवन में आयोजित गरिमामयी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक रामकुमार टोप्पो ने इसका विमोचन किया। इस दौरान विधायक ने लेखक प्रशांत चतुर्वेदी को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लेखक अपनी लेखनी से हमेशा समाज को जगाने का काम करता है। पेशे से शिक्षक प्रशांत चतुर्वेदी का एक लेखक के रूप में अलग पहचान है।उन्होंने इससे पहले स्वर्ग की अनुभूति केदारनाथ यात्रा नामक पुस्तक लिखी थी।जिसे पाठकों द्वारा काफी सराहा गया था। उन्होंने अपनी दूसरी पुस्तक कवच के पार में जीवन के विभिन्न पहलुओं जैसे जिज्ञासा शक्ति प्रेम शांति और मोक्ष की तलाश को दर्शाया है। पुस्तक विमोचन के पश्चात कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें नगर की कवियत्री मधु गुप्ता, नीलम सोनी, अनिता तिवारी, कवि कृष्णमोहन निगम, प्रकाश गुप्ता ने शिरकत की एवं अपनी कविता का पाठ किया। कार्यक्रम का संचालन सुशील मिश्र एवं आभार प्रदर्शन प्रिया एवं प्राची चतुर्वेदी ने संयुक्त रूप से किया। राजकुमार गुप्ता, मोहन अग्रवाल समेत काफी संख्या में श्रोतागण उपस्थित थे।

## मुक़बधिर बच्चों द्वारा बनाई गई आर्ट क्राफ्ट

# नगर के ज्ञानोदय श्रवण बाधित विद्यालय में मनाया गया त्रिदशक समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

शिक्षा के माध्यम से समाज की मुख्यधारा में दिव्यांगजनों को जोड़ने का कठिन लेकिन गौरवपूर्ण सफर तय करने वाले ज्ञानोदय श्रवणबाधित विद्यालय में सोमवार को 30 वें वर्षगांठ पर त्रिदशक समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने दीप प्रज्वलित कर किया,उनके साथ विशिष्ट अतिथियों में भाजपा के वरिष्ठ नेता चरण सिंह अग्रवाल,अजय गोयल,सुरजपुर जनपद अध्यक्ष स्वाति सिंह,नगर पंचायत बिश्रामपुर अध्यक्ष निर्मला यादव, उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान, राजेश यादव, देवधन राम बिंझिया, कैलाश सिरदार, हरीश राजवाड़े, शीतीकांत स्वाई, संत सिंह, गोपाल सिंह विद्रोही, रामलाल सोनी, गीता घोषाल, श्यामा पांडेय, खजानचंद जिंदल, विवेक जायसवाल उपस्थित थे। समारोह में मुख्य आकर्षण का केंद्र विद्यालय के बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रम रहा,स्वागत गीत शिक्षिका दीपिका तिवारी ने प्रस्तुत किया, बच्चों ने समूह नृत्य और लोकगीतों पर मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, विद्यार्थियों द्वारा पहलगाम आतंकी घटना पर आधारित नाट्य मंचन ने सबको भावुक कर दिया, वीएम कॉलेज ऑफ नर्सिंग और जूनियर डीपीएस के छात्रों ने भी अपनी प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को और भव्य बना दिया, अतिथियों ने बच्चों द्वारा निर्मित आर्ट-क्राफ्ट,चित्रकला और रंगोली प्रदर्शनी का अवलोकन किया, मंत्री राजवाड़े और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने बच्चों से साइन लैंग्वेज में संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया, मुख्य अतिथि मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि ज्ञानोदय श्रवणबाधित विद्यालय ने 30 वर्षों में दिव्यांग बच्चों के लिए जो कार्य किया है,वह अद्वितीय और प्रशंसनीय है,संस्था के अध्यक्ष विजयराज अग्रवाल और उनकी टीम ने दिव्यांगों को शिक्षा ही नहीं दी बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर जीवन जीने की शक्ति भी दी,कन्या छात्रावास भवन की समस्या सहित विद्यालय की मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए समाज कल्याण मंत्रालय हरसंभव प्रयास करेगा।संस्था के अध्यक्ष विजयराज अग्रवाल ने कहा कि विद्यालय से पढ़े कई विद्यार्थी आज सरकारी सेवाओं, निजी कंपनियों और स्वरोजगार से जुड़े हुए हैं।आज जब वे अपने परिवार और बच्चों के साथ इस समारोह के साक्षी बने हैं, यह इस संस्था के संघर्ष और समर्पण का जीता-जागता प्रमाण है।







### विधायक ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं, किया निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

विधायक निवास में जन समस्या शिविर लगाया गया जहां बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। विधायक ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनने के पश्चात कुछ समस्याओं का त्वरित निराकरण किया।

विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते के विधायक निवास में जन समस्या शिविर विधायक की उपस्थिति में लगाया गया। प्रतापपुर ब्लॉक अंतर्गत सभी गांवों से बड़ी संख्या में लोग अपनी अपनी समस्या व सुझावों लेकर विधायक निवास पहुंचे। विधायक ने एक एक करके लोगों की समस्याओं सुनी और तत्काल उनका निराकरण किया। जन शिविर में प्रतापपुर ब्लॉक के समस्त विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे जिससे लोगों की समस्याओं का समाधान शिविर में ही हो गया। विधायक शकुंतला सिंह ने कहा कि क्षेत्र की जनता की समस्या उनकी समस्या है। किसी भी समस्या के लिए अगर कोई अधिकारी आनाकानी करता है तो सीधा उनसे बताएं, अगर किसी प्रकार का कोई अधिकारी जनता को परेशान करेगा तो उसकी खैर नहीं है। जन समस्या शिविर में मुकेश तायल, मानती योगेंद्र सिंह, अजीत शरण सिंह, लक्ष्मी गुप्ता, अवधेश पांडे, नवीन नाविक, सौरव मानिकपुरी, नीलम, धर्मेंद्र श्रीवास्तव, लालमेन पैकरा, योगेंद्र सिंह, संजय, संदीप रजक, नंदा यादव, विक्रम नामदेव, अजय सिंह, दीपक दुबे, सोनू शर्मा,अंकित सिंह, अभिषेक कुशवाहा, संतोष रजक, बुधराम देवांगन, अक्षय रवि, नीलम रजक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



### कुम्हारों के लिए गांवों में 5 एकड़ भूमि आरक्षित कराने की मांग, सौंपा ज्ञापन

**अम्बिकापुर।** कुम्हारों के लिए प्रत्येक गांव में मिट्टी की कार्य कराने के लिए 5 एकड़ भूमि आरक्षित करने की आदेश जारी करने के बावजूद आज तक जिले के गांव में भूमि आवंटित नहीं किए जाने को लेकर कुम्हार समाज पदाधिकारियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर पहल कराने की मांग की है।

कुम्हार समाज के जिला अध्यक्ष शंकर प्रजापति के नेतृत्व में कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में बताया है कि 2006 में तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह की निर्देश पर राजस्व विभाग के अवर सचिव विलियम कुजूर ने भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 237 का हवाला देते हुए 26 सितम्बर 2006 को आदेश जारी कर छत्तीसगढ़ के प्रत्येक ग्राम पंचायत में कुम्हारों के लिए 5 एकड़ भूमि आरक्षित करने की आदेश जारी किया है। मामले में राजस्व आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव नीलम नामदेव एक्का ने 20 अप्रैल 2023 को आदेश जारी कर राज्य के समस्त कलेक्टर को निर्देशित करते हुए कुम्हारों के लिए मिट्टी कार्य प्रयोजन के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में कुम्हारों के लिए 5 एकड़ भूमि आरक्षित करने के लिए फिर से आदेश जारी कर कलेक्टरों को निर्देशित कर जिले के तहसीलदार द्वारा तहसील स्तर पर सर्वे कराकर आरक्षित भूमि करने कहा गया था। कुम्हार समाज के लिए सरकार कई बार आदेश जारी करने की बावजूद जिले के कलेक्टर इस मामले में गंभीर नहीं ले रहे हैं। समाज के लोगों ने गांव में 5 एकड़ भूमि उपलब्ध कराने की मांग की है। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष घासी राम प्रजापति, सुहांग प्रजापति, शिवनाथ प्रजापति, परमेश्वर प्रजापति सहित अन्य मौजूद थे।

### यूरिया खाद की किल्लत को लेकर कांग्रेस का धरना प्रदर्शन आज

**रामानुजगंज।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष केपी सिंहदेव के अध्यक्षता एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. अजय तिर्की के आतिथ्य में रामानुजगंज में सुबह 11 बजे से भारत माता चांदनी चौक पर 11 सितंबर को यूरिया खाद की किल्लत एवं 266 रुपये के जगह पर 1 हजार रुपये मे खरीदने को मजबूर होने के कारण किसानों को हो रही परेशानी एवं वन भूमि अधिकार पट्टा प्राप्त जमीन में लगाए धान का पंजीयन गिरदावरी नहीं होने को लेकर धरना प्रदर्शन कर आंदोलन का निर्णय जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा ली गई है। धरना प्रदर्शन में कांग्रेस कार्यकर्ता, निर्वाचित जनप्रतिनिधि, युवक कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल एवं सभी प्रकोष्ठ पदाधिकारी को धरना प्रदर्शन में उपस्थित होने कहा है।

### बाड़ी में गांजा की खेती करने वाला आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सामरी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अपनी बाड़ी में गांजा की खेती करने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने के साथ ही गांजे के 12 नग पौधों को जब्त किया है। आरोपी को एनडीपीएस एक्ट की धारा 20बी के तहत न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

थाना प्रभारी विजय प्रताप सिंह को रविवार को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम राजेन्द्रपुर बीचपारा निवासी विनोद नगेसिया पिता बहादुर नगेसिया ने अपनी बाड़ी में मक्के के साथ गांजे के पौधे लगाया है। सूचना पर पुलिस टीम गांव पहुंची तथा ग्रामीणों की उपस्थिति में विनोद के घर एवं बाड़ी की तलाशी ली तो गांजा के 12 पौधे बरामद किए गए। पौधों का वजन 8.340 किलोग्राम निकला। जब्त पौधों की अनुमानित कीमत 33 हजार रूपए आंकी गई है। गवाहों के समक्ष 50 एनडीपीएस एक्ट के तहत नोटिस देकर पौधों के जब्ती की कार्रवाई की गई तथा आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

#### डेढ़ लाख मूल्य का 5 किलो गांजा बरामद


**सूरजपुरध/बिहारपुर।** मुखबीर से मिली सूचना पर चांदनी पुलिस ने ग्राम नवाटोला निवासी मीरा देवी साहू पति स्व.लोकनाथ साहू (40वर्ष) के घर की तलाशी लेकर 5 किलो गांजा बरामद किया है। जब्त गांजे की कीमत करीब 1 लाख 50 हजार रूपये बताया जा रहा है। मामले में धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत आरोपी महिला को गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी प्रदीप सिदार व अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित थे।



# बैटल ऑफ गलवां सेट से सलमान ने शेयर की तस्वीर

**मुंबई।** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता सलमान खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म बैटल ऑफ गलवां की शूटिंग में व्यस्त हैं। हाल ही में एक्टर ने अपने सोशल मीडिया पर 'बैटल ऑफ गलवां' सेट से एक तस्वीर साझा की है, जो इंटरनेट पर आते ही छा गई है। नेटिजंस इसे बेहद पसंद कर रहे हैं और प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। सलमान खान ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया है, जिसमें वो अपनी आगामी फिल्म 'बैटल ऑफ गलवां' की शूटिंग करते दिख रहे हैं। साझा की गई तस्वीर में अभिनेता के माथे से खून बहता दिख रहा है और वो वर्दी पहने नजर आ रहे हैं। साथ ही सलमान के सामने एक्शन के लिए क्लैपरबोर्ड लगा हुआ दिख रहा है।

## लाइफ Style



# रश्मिका देवराकोंडा संग गुपचुप कर ली सगाई!

रश्मिका मंदाना और विजय देवराकोंडा के इश्क के चर्चे काफी लंबे समय से हैं, पर दोनों ने आज तक अपना रिलेशनशिप खुलकर कन्फर्म नहीं किया है। हालांकि, रश्मिका और विजय को कई बार साथ में देखा गया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

वेकेशन की तस्वीरों से भी बहुत बार हिंट मिला कि रश्मिका मंदाना और विजय देवराकोंडा एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। लेकिन, अब चर्चा हो रही है कि दोनों ने सगाई कर ली है। क्या वाकई ऐसा है? रश्मिका मंदाना हाल ही साउथ इंडियन इंटरनेशनल मूवी अवाड्र्स में शामिल होने के लिए दुबई पहुंचीं। वहां उन्होंने सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया। हालांकि, रश्मिका की खूबसूरती से ज्यादा चर्चा हीरे की अंगूठी की रही। दरअसल, जब रश्मिका मिलान रवाना होने के लिए एयरपोर्ट पहुंचीं, तो उन्होंने उंगली में एक खूबसूरत हीरे की अंगूठी पहनी हुई थी। उसी को देख कयास लगाए जाने लगे कि रश्मिका ने सगाई कर ली है। इसका वीडियो भी सामने आया, जिसे देख यूजर्स सवाल करने लगे। वहीं, कुछ ने एक्ट्रेस को बधाई देनी भी शुरू कर दी। एक यूजर ने वीडियो देख कमेंट लिखा, 'कोई देवराकोंडा का भी हाथ चेक कर लो।' एक ने लिखा, 'बधाई हो, फाइनली।' वहीं, फैंस ने रश्मिका से कहा कि वो सच बता दें। बेशक, रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा के अफेयर की खबरें काफी समय से हैं, पर इन्हें तब और बल मिला, जब दोनों अगस्त 2025 में न्यूयॉर्क में एक इंडिया डे परेड में एक-दूसरे का हाथ पकड़े देखे गए।

## हॉलीवुड मसाला



# ब्रेकफास्ट इन... रहा चर्चित एल्बम

**लॉस एंजिल्स।** कैंसर से लंबी जंग के बाद रिक डेविस ने दुनिया को अलविदा कह दिया। 81 साल की उम्र में उनका निधन हो गया। साल 2015 में उन्हें मल्टीपल मायलोमा नाम की बीमारी का पता चला था। रिक डेविस ब्रिटिश बैंड सुपरट्रैम्प के को- फाउंडर रहे, इनके रॉक म्यूजिक बैंड ने 'ब्रेकफास्ट इन अमेरिका' नाम एल्बम निकाला था, जो म्यूजिक चार्ट में अपने समय में टॉप पर रहा। इसके अलावा रिक डेविस ने 'गुडबाय स्ट्रेंजर' और 'ब्लडी वेल राइट' जैसे हिट गाने लिखे और गाए।



# द स्टूडियो ने झटकी 9 ट्रॉफी द पेंगुइन ने भी मारी बाजी

**लॉस एंजिल्स।** लॉस एंजिल्स में 2025 क्रिएटिव आर्ट्स एमी अवाड्र्स की पहली रात आयोजित हुई। इसमें 9 ट्रॉफियों के साथ एप्पल टीवी प्लस का 'द स्टूडियो' आगे रहा। एचबीओ के क्राइम ड्रामा'द पेंगुइन ने 8 अवॉर्ड अपने नाम किए हैं। वहीं, एप्पल टीवी प्लस के सेवरेंस ने 6 अवॉर्ड जीते हैं। इसमें नैरेटिव कंटेपररी प्रोग्राम के लिए प्रोडक्शन डिजाइन का अवॉर्ड भी शामिल है। दूसरी तरफ नेटफ्लिक्स के आर्केन' ने भी बाजी मारी और 4 अवॉर्ड झटके, जिसमें एक एनिमेटेड प्रोग्राम शामिल है। ब्रायन क्रैन्स्टन (द स्टूडियो), शॉन हैटोसी (द पिट) और जूलियन निकोलसन (हैक्स) उन सितारों में शामिल थे, जिन्हें पीकॉक थिएटर में विनर अनाउंस किया गया।



# दिलबरो सिर्फ एक गाना नहीं, एहसास है...

**मुंबई।** 2018 में रिलीज हुई फिल्म राजी का विदाई गीत 'दिलबरो' आज भी हर शादी की विदाई को भावुक कर देता है। यह गाना केवल एक फिल्मी सीक्वेंस नहीं था, बल्कि एक असली रिश्ते की कसक से बुना हुआ पल था। इस गाने में आलिया भट्ट और उनकी असली मां सोनी राजदान नजर आईं, जहां मां अपनी बेटी को विदा कर रही थीं। 'दिलबरो' सिर्फ एक गाना नहीं, एक एहसास है, हर उस बेटी का जो अपने पिता की उंगली थामकर पली-बढ़ी और एक दिन उनके आंसुओं के साए में विदा हो गई। गीत में दिखाया गया सीन हर उस पिता की बेबसी को सामने लाता है, जो बेटी को पलकें झपकते ही पराई कर देता है। विदाई के समय आंखों में उमड़ते आंसू, हाथों में बेटी का हाथ और सीने में उठता तूफान 'दिलबरो' ने इस दर्द को बिना किसी बनावट के बड़े परदे पर जिंदा कर दिया।



# बीच गाने में जोड़ दिया ट्रंप का नाम...

**मुंबई।** सिंगर-रैपर बादशाह इन दिनों यूएसए के अपने 'अनफिनिश्ड यूएसए टूर' पर हैं, जहां वो उत्तरी अमेरिका में धूम मचा रहे हैं। अपने गानों और रैप से बादशाह अपने कॉन्सर्ट में लोगों को झूमने पर मजबूर कर रहे हैं। इस बीच न्यू जर्सी के हालिया शो में बादशाह ने कुछ ऐसा किया जो अब वायरल हो रहा है। दरअसल, गाने के बीच बादशाह ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का जिक्र कर दिया। इससे वहां मौजूद सभी लोग हैरान रह गए और श्रोता तालियां बजाने लगे। बादशाह कॉन्सर्ट के दौरान फिल्म 'वीरे दी वेडिंग' का हिट सॉन्ग 'तारीफां' गा रहे थे। इसी दौरान बादशाह ने अचानक गाने की एक लाइन में कुछ बदलाव कर दिया और डोनाल्ड ट्रंप का नाम उसमें जोड़ दिया। पहले गाने की असली लाइन 'किन्नियां तारीफां चाहिदी ऐ तेनु जिसका अर्थ है कि तुम्हें कितनी तारीफें चाहिए गा रहे थे।

## टीवी मसाला



# ठाठ-बाट दिखाने वाली तान्या मित्तल ने खोला घर का सच

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' इन दिनों सुर्खियों में है। जिसे सलमान खान होस्ट कर रहे हैं। शो की कंटेस्टेंट तान्या मित्तल ने पहली बार अपनी जिंदगी के डार्क साइड के बारे में बताया है। जो तान्या अभी तक चकाचौंध की जिंदगी के बारे में बताती आई हैं। उन्होंने बड़ा खुलासा किया कि वह बचपन में पिता की मार पिटाई झेल चुकी हैं। उनके पिता तो उनकी शादी कर देना चाहती थीं। मगर वह घर से अपने सपनों के लिए लड़ी थीं। तान्या मित्तल ने बताया कि बचपन में उनके पिता उन्हें मारते थे। जिससे वह आत्महत्या करने के बारे में सोचने लगी थीं। कुछ दिन पहले बिग बॉस हाउस में कुनिका सदानंद और तान्या मित्तल के बीच झगड़ा हुआ था। जिसमें तान्या ने कुनिका को काफी भला-बुरा कहा। इसके बाद तान्या की लोगों ने काफी आलोचना भी की। अब कुनिका सदानंद ने एक टास्क के दौरान तान्या मित्तल की मां पर निशाना साधा और उनकी परवरिश पर सवाल उठाए। तान्या अपनी मां का अपमान सहन नहीं कर सकीं और फूट-फूट कर रोने लगीं। रोते हुए तान्या ने कहा- मेरी मां को किसी बहस में घसीटना सही नहीं है। उन्होंने मेरे लिए बहुत कुछ सहा है। मेरे पिता मुझे मारने के लिए दौड़ पड़ते थे और मेरी मां मुझे बचा लेती थीं। आज मैं जिस मुकाम पर हूं। वहां तक पहुंचना मेरे लिए आसान नहीं था।

## 7.50 लाख के सवाल पर ऑडियंस भी हुई फेल

**नई दिल्ली।** कौन बनेगा करोड़पति 17 के एक एपिसोड की शुरुआत कंटेस्टेंट अभिषेक के साथ हुई, जो ग्रेजुएशन कर रहे हैं। वे आईएएस अफसर बनना चाहते हैं। वे अपने मां-बाप के साथ एक कमरे में रहते हैं, इसलिए उनका सपना परिवार के लिए एक ड्रीम होम खरीदना है।



कंटेस्टेंट की मां ने बताया कि वे डिस्ट्रिक्ट टॉपर रहे हैं। अमिताभ बच्चन को भी उनका नाम लेने पर खुशी हो रही थी, क्योंकि उनके बेटे का नाम भी अभिषेक (बच्चन) है। अभिषेक ने शुरुआत में अच्छा खेल दिखाया, लेकिन उन्हें 50 हजार रुपए के सवाल पर पहली लाइफ लाइन संकेत सूचक का इस्तेमाल करना पड़ गया। उन्होंने 1 लाख के सवाल पर दूसरी लाइफ लाइन ऑडियंस पोल का इस्तेमाल करके सही जवाब दिया, हालांकि उन्होंने 2 लाख रुपए के 8वें प्रश्न का जवाब बिना किसी लाइफ लाइन के दिया, जो सही निकला। अभिषेक ने 3 लाख रुपए के सवाल पर तीसरी लाइफ लाइन '50 50' इस्तेमाल की और 5 लाख रुपए 10वें सवाल पर पहुंचे। उन्होंने अगले पड़ाव में सुपर संदूक के 6 सवालों का सही जवाब देकर अपनी लाइफलाइन ऑडियंस पोल का इस्तेमाल किया. 7.50 लाख रुपए के 11वें सवाल पर अभिषेक ने ऑडियंस पोल का इस्तेमाल किया, जो गलत साबित हुआ।

# सनी संस्कारी की तुलसी के नए होली सॉन्ग पनवाड़ी की दिखी झलक

**मुंबई।** जान्हवी कपूर और वरुण धवन की फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' दशहरा के अवसर पर 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मंगलवार को निर्माताओं ने फिल्म के गाने 'पनवाड़ी' की एक खास झलक का मोशन पोस्टर शेयर किया है। जिसमें होली के रंग नजर आ रहे हैं। धर्मा प्रोडक्शन ने आज इंस्टाग्राम पर फिल्म के नए गाने 'पनवाड़ी' की खास झलक शेयर की। इस मोशन पोस्टर में जान्हवी कपूर, सान्या मल्होत्रा, रोहित श्रॉफ और वरुण धवन होली के रंग में रंगे नजर आ रहे हैं। इस शानदार मोशन पोस्टर के साथ निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'इस त्यौहारी सीजन में, हम आपके लिए रंगों से सराबोर कुछ मजेदार चीजें लेकर आ रहे हैं। पनवाड़ी गाना 10 सितंबर, इस बुधवार को रिलीज होगा।' फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' में हिंदी रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। इस फिल्म का लेखन और निर्देशन शशांक खेतान ने किया है। इस फिल्म का निर्माण धर्मा प्रोडक्शंस और मेंटर डिसाइपल फिल्म ने मिलकर किया है। सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी इस दशहरा 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# कभी रिलीज नहीं हुई अमिताभ की यह फिल्म फाइनल हो गई थी रेखा के साथ जोड़ी

**मुंबई।** एक वक्त था जब अमिताभ बच्चन का किसी फिल्म पर हाथ रख देना उसके हिट होने की गारंटी माना जाता था। बॉलीवुड के एंग्री यंग मैन ने लगभग हर तरह के किरदार किए और आज तक भारतीय सिनेमा जगत में सक्रिय हैं। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि उनकी एक फिल्म ऐसी भी थी, जो बनी तो सही, लेकिन ना कभी एडिट हुई और ना ही सिनेमघरों में रिलीज हुई। बावजूद इसके कि इसका टाइटल अमिताभ की छवि से काफी हद तक मेल खाता था।



***स्टार कास्ट हो चुकी थी फाइनल :*** अमिताभ बच्चन के साथ रेखा, महमूद, मदनपुरी और राकेश रोशन को कास्ट करके उस दौर के कामयाब एक्टर-डायरेक्टर महमूद ने एक फिल्म बनाने का फैसला किया। इस फिल्म का टाइटल सोचा गया - लंबू दादा। अमिताभ बच्चन फिल्म में लीड रोल प्ले करने वाले थे और उनके किरदार को थोड़ा टपोरी फील दिया गया था। महमूद के साथ अमिताभ इससे पहले 'बॉम्बे टू गोवा' बना चुके थे और वह फिल्म हिट रही थी।

### क्यों रिलीज नहीं हो सकी फिल्म

ऐसे में अमिताभ बच्चन समेत बाकी एक्टर्स को भी पूरा भरोसा था कि लंबू दादा भी बॉक्स ऑफिस पर कमाल कर जाएगी। साल 1978 में यह फिल्म अनाउंस हुई और मेकर्स के साथ-साथ क्रू और दर्शक भी इस मूवी के लिए काफी एक्साइटेड थे। लेकिन, यह फिल्म कभी रिलीज ही नहीं हुई। अगर यह फिल्म बनती तो शायद अमिताभ के कॅरियर में एक और नई उपलब्धि जुड़ जाती। दरअसल, यह फिल्म 2 स्टेज में बनाई गई। पहले जब इस पर काम शुरू हुआ और सारी चीजें फाइनल की जा चुकी थी। तब यह फिल्म टाल दी गई।

### पूरी तरह बदलकर रिलीज हुई

क्योंकि टाइटल काफी दिलचस्प था तो करीब 10 साल बाद इसे दोबारा शुरू किया गया। इस बार फिल्म के निर्देशक से लेकर प्रोड्यूसर और स्टार कास्ट तक सब कुछ बदल दिया गया। कहानी में भी काफी बदलाव किए गए। कहा जा सकता है कि एक तरह से पूरी फिल्म ही नई बनाई गई, सिर्फ टाइटल पुराना रखा गया। नई कहानी में कबीर बेदी और माधवी थे, और यह एक छोटे बच्चे और एक क्रिमिनल के कनेक्शन की कहानी थी। नया वर्जन रिलीज हुआ, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर चला नहीं।

## अक्षय कुमार और विकी कौशल जैसे स्टार्ट का नाम भी नहीं

# टॉप 10 स्टार्स की लिस्ट से गायब शाहरुख, ऋतिक को रणवीर ने पछाड़ा

*मुंबई। बॉलीवुड के टॉप 10 एक्टर्स की लिस्ट में शाहरुख खान, अक्षय कुमार और विकी कौशल जैसे स्टार्ट का नाम कहीं नहीं है। वहीं, एक एक्टर ऐसा है जिसमें ऋतिक रोशन, आलिया भट्ट और रणवीर सिंह जैसे एक्टर्स को धूल चटा दी है।*

***ऋतिक रोशन*** *: इंडिया फोरम ने टॉप 10 बॉलीवुड एक्टर्स की लिस्ट जारी कर दी है। एक से लेकर 8 सितंबर तक के डाटा के आधार पर यह लिस्ट बनाई गई है और इसमें 10वीं पोजिशन मिली है ऋतिक रोशन को।*

***प्रियंका चोपड़ा*** *: बीते काफी वक्त से हॉलीवुड फिल्में और टीवी शोज कर रहीं प्रियंका चोपड़ा ने अभी तक भारतीय दर्शकों के दिलों में जगह बनाई हुई है। टॉप 10 की लिस्ट में उन्हें 9वीं जगह मिली है।*

***शिल्पा शेट्टी*** *: शिल्पा शेट्टी कुंद्रा भले ही फिल्मों में जगह ना मिल रही हो, लेकिन दर्शकों ने अभी तक उन्हें अपने दिल में जगह जरूर दी हुई है। लिस्ट में शिल्पा को 8वीं पोजिशन मिली हुई है।*

***आलिया भट्ट*** *: टॉप 10 की इस लिस्ट में 7वें नंबर पर हैं आलिया भट्ट। आने वाले वक्त में आलिया भट्ट की कई फिल्में आने वाली हैं जिनमें ब्रह्मास्त्र का पार्ट-2 भी शामिल है।*

***रणबीर कपूर*** *: बैक-टू-बैक कई ब्लॉकबस्टर फिल्में दे चुके रणबीर कपूर को लिस्ट में नंबर 6 पोजिशन मिली है। खबर है कि रणबीर कपूर की फीस भी बीते कुछ महीनों में काफी बढ़ गई है।*



***रणवीर सिंह*** *: रणबीर कपूर को इस लिस्ट में पटखनी देने का काम किया है एक्टर रणवीर सिंह ने। रणवीर लिस्ट में नंबर 5 पर हैं। धुरंधर मूवी को लेकर रणवीर सिंह चर्चा में हैं, इस फिल्म में धमाकेदार एक्शन होगा और उनके साथ नजर आएंगे संजय दत्त।*

***दीपिका पादुकोण*** *: शाहरुख खान के साथ फिर एक बार बड़े पर्दे पर नजर आने जा रहीं दीपिका पादुकोण को लिस्ट में चौथी पोजिशन मिली है। मालूम हो कि किंग मूवी में दीपिका फीमेल लीड रोल करती नजर आएंगी।*

***सिद्धार्थ मल्होत्रा*** *: रणवीर सिंह, रणबीर कपूर, ऋतिक रोशन, आलिया भट्ट और दीपिका पादुकोण जैसे स्टार्स को पछाड़ते हुए सिद्धार्थ मल्होत्रा ने इस लिस्ट में तीसरी पोजिशन हासिल कर ली है।*

***कटरीना कैफ*** *: फिल्मों में भले ही नजर नहीं आ रही हैं, लेकिन विकी कौशल की पत्नी और बॉलीवुड की स्टार एक्ट्रेस कटरीना कैफ आज भी टॉप 10 की लिस्ट में नंबर 2 पर काबिज हैं।*

***सलमान खान*** *: बात करें टॉप 10 की लिस्ट में पहले पायदान पर काबिज सुपरस्टार की तो यह क्राउन मिला है सलमान खान को। बिग बॉस 19 और गलवान फिल्म की वजह से चर्चा में रहे सलमान लिस्ट में पहले नंबर पर रहे हैं। शाहरुख खान को लिस्ट में 13वीं, विकी कौशल को 15वीं और अक्षय कुमार को 18वीं पोजिशन मिली है।*

## खबर संक्षेप

### पनिका समाज की हुई समीक्षा बैठक



**बैकुण्ठपुर।** भारतीय पनिका समाज की आवश्यक समीक्षा बैठक बीते दिवस बैकुंठपुर स्थित खाड़ा मन्नत मैरिज गार्डन में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजाराम जांता ने की, जबकि सरगुजा संभाग अध्यक्ष रामधन देवांगन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। संचालन संजय चिकनजूरी ने किया। बैठक में जिलाध्यक्ष ने अपने कार्यकाल की सामाजिक गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जिसे समाज ने ध्वनि मत से समर्थन दिया। बैठक में 20 सितंबर को शहीद दयाल दास पनिका शहादत दिवस ग्राम बिशनपुर में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही निकट भविष्य में जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित करने का प्रस्ताव भी पारित हुआ। कार्यक्रम में काफी संख्या में समाज के वरिष्ठजन एवं सदस्य उपस्थित रहे। इनमें प्रमुख रूप से युवा मोर्चा अध्यक्ष उमाशंकर बंटी, दरोगा प्रसाद, किरण कुमार, ब्लॉक अध्यक्षगण दीपक कुमार, मायाराम खंडे, विजेन्द्र सोनवानी, बाबूलाल गोयन, राधेश्याम देवांगन, टकेश्वर प्रसाद बघेल, लालदास महंत, रवि कुमार पनिका, राजू पंडवार, देवेन्द्र मानिकपुरी, भरत कुमार देवांगन, महेश सोनवानी, संजय कुमार, सुभाष चंद्र, राकेश कुमार, भगवान दास, दिनेश धवरिहा, शिवनारायण देवांगन, जयप्रकाश पनिका, कामनी जाता जनपद सदस्य, हीरामती देवांगन, बेगमती चिकनजूरी, सावित्री देवांगन, लक्ष्मी देवी, किरण देवी, देवती देवी, ममता देवांगन, अमृता देवांगन सहित अन्य गणमान्य शामिल रहे।

## निर्माण पूर्ण होने के बाद भी शौचालय में लटका ताला

# सामुदायिक शौचालय का लोगों को नहीं मिल रहा लाभ, बना शो पीस

### प्रत्येक ग्राम पंचायत में 3 लाख 50 हजार की लागत से कराया गया है निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रजपुरीकला

स्वच्छ भारत मिशन के तहत विकासखंड के हर पंचायत में लोगों की सुविधा के लिए सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया गया। हैरानी की बात यह है कि लाखों की लागत से कराए गए सामुदायिक शौचालय के पूर्ण होने के बावजूद क्षेत्र के लोगों को इसका लाभ नहीं मिल रहा है। आलम यह है कि शौचालय का निर्माण कराने के बाद से ही ताला जड़ दिया गया है जिससे लाखो की लागत से बनाई गई सामुदायिक शौचालय मात्र शो पीस बनकर रह गई है।

केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायतों में सामुयिक शौचालय का निर्माण कराया जाना है। इसी तारतम्य में विकासखंड लखनपुर अंतर्गत सभी ग्राम पंचायत में स्वच्छ भारत मिशन के तहत सामुदायिक शौचालय का निर्माण प्रत्येक ग्राम पंचायतों में 3 लाख 50 हजार रुपए की लागत से किया गया है। विकास खंड में जहां करोड़ों रुपए की लागत से शौचालय निर्माण किया गया है। हैरानी की बात है कि शौचालय का निर्माण कार्य करा दिया गया है परंतु शौचालय में न तो पानी का व्यवस्था है न टंकी लगाया गया है जिससे लाखों की लागत से निर्माण कराया गया शौचालय शो पीस बन कर ग्राम पंचायत का शोभा बढ़ा रही है। प्रत्येक पंचायत को 2020-21 में 3 लाख 50 हजार फंड जारी किया गया हैं परन्तु संबंधित अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों की उदासीन रवैया की वजह से केन्द्र सरकार की योजना धरातल पर कारगर साबित नहीं हुई। जनपद पंचायत लखनपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सिरकोतंगा, पुहपुटरा, गणेशपुर, बिनकरा, लहपटरा, पटरा टोली, नवापारा, लटोरी, निम्हा, पोतका, गुमगारा में भी 3 तीन 50 हजार का सामुदायिक शौचालय निर्माण कराया गया है। ग्रामीणों की माने तो ग्राम पंचायत सिरकोतंगा में सामुदायिक शौचालय का निर्माण हुए तीन साल से अधिक हो गए बावजूद इसके आज तक शौचालय में ताला लटका हुआ है। इस तरह की स्थित आसपास ग्राम पंचायत की है जहां शौचालय निर्माण के बाद से ही शौचालय में ताला लगा दिया गया है। ऐसे में गांव के लोगों को सामुदायिक शौचालय का लाभ नहीं मिल पा रहा है। गांव में सामुदायिक शौचालय होने के बावजूद लोग खुले में शौच करने को मजबूर है। प्रत्येक ग्राम पंचायत में जिस उद्देश्य से लाखो की लागत से सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया गया है वह सार्थक साबित होता नजर नहीं आ रहा है।



ताला लगे शौचालय के सामने मौजूद ग्रामीण।

#### ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी

ग्राम पंचायत सिरकोतंगा में जिस स्थान पर सामुदायिक शौचालय का निर्माण किया गया है उसके समीप मंदिर, बाजार व हायर सेकेण्डरी स्कूल संचालित है। ऐसे में धार्मिक आयोजन के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा अर्चना करने पहुंचते है जबकि साप्ताहिक बाजार में बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी उपज बेचने तथा लोग खरीदारी करने पहुंचते है। ऐसे में कई लोगों को शौचालय की जरूरत पड़ती है परंतु सामुदायिक शौचालय में ताला लगे होने के कारण लोगों को सामुदायिक शौचालय का लाभ नहीं मिल पाता और लोग खुले में जाने को मजबूर होते है। इस तरह की स्थिति विकासखंड लखनपुर के कई ग्राम पंचायत की है जहां सामुदायिक शौचालय में 24 घंटे ताला लटकते आसानी से देखा जा सकता है।

#### शो पीस बने शौचालय

क्षेत्र के ग्रामीण राजेश राजवाड़े, पवन राम राजवाड़े , देवी चरण राजवाड़े, माणिकचंद राजवाड़े, ठाकुर प्रसाद राजवाड़े, सुधीर राजवाड़े, सूरज प्रसाद राजवाड़े, अमर राजवाड़े, देवनाथ राजवाड़े, जगन्नाथ राजवाड़े ,भीख नाथ राजवाड़े, गोकुल प्रसाद राजवाड़े, रामलाल राजवाड़े, रविन्द्र राजवाड़े, सुब्रन राजवाड़े राहुल, सहबर, सुलोचन राम, उर्मिला रजवाड़े, पुष्पा राजवाड़े, सुशीला राजवाड़े, शांति राजवाड़े, कृष्णा राजवाड़े, मंजू राजवाड़े ने बताया कि विकासखंड लखनपुर के ग्राम पंचायतों में आनन फानन में कराई गई सामुदायिक शौचालय निर्माण के बाद लोगों को जिस तरह से शौचालय का लाभ मिलना चाहिए वैसा लाभ नहीं मिल सका। ऐसे में लाखों की लागत से निर्मित सामुदायिक शौचालय मात्र ग्राम पंचायत का शोभा बढ़ाने के लिए शो पीस बनकर रह गया है।

#### उपयोग किए बिना हो गई जर्जर

विकास खंड के कई ग्राम पंचायत ऐसे है जहां सामुदायिक शौचालय निर्माण होने के बाद से ताला लटका हुआ है। ऐसे में देखरेख व समय पर मरम्मत नहीं होने से सामुदायिक शौचालय भी पूरी तरह जर्जर हो चुका है। ग्रामीणों का आरोप है कि जब भी आला अधिकारी निरीक्षण के लिए आते हैं तो उन्हें सिर्फ सड़क के किनारे बने शौचालय दिखा दिया जाता है जबकि अन्य पंचायत की जमीनी हकीकत कुछ और है। ग्रामीणों की मांग है कि लाखो की लागत से बने शौचालयों की मरम्मत और देखरेख की व्यवस्था के साथ साफ-सफाई और पानी की सुविधा सुनिश्चित की जाए, ताकि लोग खुले में शौच जाने को मजबूर न हों।

#### कराई जाएगी मरम्मत

ग्राम पंचायत सिरकोतंगा, पुहपुटरा, केनापारा सहित अन्य ग्राम पंचायत में सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया गया है। सामुदायिक शौचालय की मरम्मत व व्यवस्था बनाने संबंधित विभाग को बोलकर ठीक करवाती हूं। जल्द ही ग्रामीणों को सामुदायिक शौचालय का लाभ मिलेगा।

-स्वच्छा सिंह, जनपद सीईओ लखनपुर

## न्यू लाईफ में आत्महत्या रोकथाम दिवस पर कार्यक्रम





हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

न्यू लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में छात्र-छात्राओं द्वारा विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर कॉलेज परिसर में स्लाइड प्रेजेंटेशन एवं नाट्कीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस वर्ष विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस का थीम चेंजिंग द नेरेटिव ऑन सुसाईड अर्थात आत्महत्या और इसकी वजहों के बारे में खुलकर बात करना है, ताकि इसके मामलों को कम करने में मदद् मिल सके। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन ने इस थीम को साल 2024 से 2026 तक के लिए चुना है। लोगों को यह संदेश देना कि आत्महत्या रोकी जा सकती है।

आत्महत्या से जुड़े सामाजिक स्टीग्मा (कलंक) को कम करना। मानसिक स्वास्थ्य पर बातचीत को प्रोत्साहित करना, ताकि लोग मद्द लेने में हिचकिचाएं नहीं। परिवार और समाज में ऐसा माहौल बनाना जिससे व्यक्ति को सहारा और सकारात्मक ऊर्जा मिल सके। विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस मनाने की शुरूआत वर्ष 2003 में इंटरनेशनल एसोसिएशन फॉर सुसाइड प्रिवेशन आईएएसपी ने की थी। विश्व आत्महत्या दिवस का उद्देश्य आत्महत्या के बारे में बातचीत शुरू करना और यह दिखाना है कि इसकी रोकथाम संभव है। न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग के छात्र-छात्राओं द्वारा स्लाइड प्रेजेंटेशन एवं नाटकीय कार्यक्रम के माध्यम से आत्महत्या के लक्षण, जागरूकता एवं इसकी रोकथाम का कार्यक्रम कॉलेज परिसर में किया गया। अतिथि डॉ. प्रिंस जायसवाल के द्वारा आत्महत्या के लक्षण एवं रोकथाम के बारे में बताया गया एवं प्राचार्य डॉ. अंजना सैम्यूल के द्वारा इसके कारण एवं बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई, इसे पूरे कार्यक्रम का आयोजन नर्सिंग ट्यूटर कोमल साहू के द्वारा एवं संस्था के प्रबंधन के मार्गदर्शन में किया गया।

## छोटी बाजार मे विशेष जागरुकता कार्यक्रम





हरिभूमि न्यूज ⏭ बडोमनहिल

भारत सरकार की कार्ययोजना अनुरूप जिला कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देश और जिला कार्यक्रम अधिकारी आरके खाती के मार्गदर्शन में मिशन शक्ति हब के अंतर्गत 10 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान के तहत बुधवार को एमसीबी जिले के चिरमिरी परियोजना अंतर्गत कच्ची दफाई छोटी बाजार में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में महिलाओं को उच्च शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण और कौशल विकास के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी गई और बताया गया कि महिला सशक्तिकरण के लिए शिक्षा और कौशल विकास कितना आवश्यक है। साथ ही समाज में समानता का अधिकार, भ्रूण हत्या निषेध, सखी वन स्टॉप सेंटर, पॉक्सो अधिनियम और अन्य केन्द्रीय व राज्य योजनाओं की जानकारी भी साझा की गई। महिलाओं और बालिकाओं को सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना, महतारी वंदन योजना तथा माहवारी स्वच्छता के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर बाल विवाह रोकथाम के लिए सामूहिक शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में परियोजना की पर्यवेक्षकगण, संरक्षण अधिकारी श्रीमती नीता पांडेय, जेंडर विशेषज्ञ शैलजा गुप्ता, वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ श्रीमती अनीता कुमारी साह तथा सखी वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक श्रीमती प्रियंका रजवाड़े सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। यह कार्यक्रम महिलाओं में जागरूकता, आत्मनिर्भरता और शिक्षा के महत्व को बढ़ाने की दिशा में एक अहम कदम साबित हुआ।

## निधन

### अरविंद सोनी



**मनेन्द्रगढ़।** पत्रकार रविन्द्र सोनी के छोटे भाई अरविंद सोनी का मंगलवार की शाम निधन हो गया। स्व. सोनी 45 वर्ष के थे। वे लंबे समय से बीमारी से जूझ रहे थे। स्व. सोनी का बुधवार की दोपहर मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। जहां परिजन समेत काफी संख्या में शहरवासी मौजूद रहे।

### श्रीमती चंदा जायसवाल



**मनेन्द्रगढ़।** जिले के वरिष्ठ अधिवक्ता गिरिजाशंकर जायसवाल की धर्मपत्नी एवं अधिवक्ता कुलदीप जायसवाल की माता श्रीमती चंदा जायसवाल का मंगलवार को निधन हो गया। स्व. श्रीमती जायसवाल 75 वर्ष की थी। इनका अंतिम संस्कार आमाखेरवा स्थित मुक्तिधाम में किया गया। जहां परिजन समेत काफी संख्या में शहरवासी मौजूद रहे।

### पूरन चंद्र गुप्ता



**बैकुण्ठपुर।** सोमवार की रात्रि टाकिज दफाई चिरमिरी निवासी पूरनचंद्र गुप्ता का आकस्मिक निधन हो गया। स्व. श्री गुप्ता का अंतिम संस्कार दूसरे दिन मंगलवार को भुरकुंडी घाट में हुआ। अंतिम यात्रा में काफी संख्या में परिजन सहित अन्य लोग शामिल रहे। वे अतुल गुप्ता व प्रशांत गुप्ता के पिता तथा श्यामसुंदर गुप्ता के छोटे भाई थे।





## नागपुर मंडल में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम

**मनेन्द्रगढ़।** भारतीय जनता पार्टी नागपुर मंडल द्वारा प्रदेश एवं जिला संगठन के निर्देशानुसार सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम की कार्यशाला 10 सितंबर को चैनपुर स्थित उदय भान सिंह के निवास आयोजित की गई। कार्यशाला में मुख्य रूप से पूर्व विधायक एवं संसदीय सचिव, भाजपा जिलाध्यक्ष (एमसीबी) श्रीमती चंपादेवी पावले, प्रभारी जिला उपाध्यक्ष सरोज यादव, सहप्रभारी जिला मंत्री सुशील सिंह, जिला उपाध्यक्ष संजय राय, जिला प्रवक्ता जमुना पाण्डेय, उजीत नारायण सिंह, मंडल अध्यक्ष मुनीम सिंह, उदल जायसवाल, रामसिंह पावले, जितेन्द्र राय, महामंत्री द्वय अमित राय, रजबल सिंह, दिनेश यादव, धर्मपाल सिंह, राहुल जायसवाल, दीपक यादव, ज्ञानेन्द्र सिंह, सविता सिंह, मालती सिंह, कोमल प्रसाद, रवि शर्मा, अमित साहू, विष्णु जायसवाल, रामनारायण देवांगन, गणेश प्रसाद, रवि मदन सिंह, दिलीप सिंह एवं राहुल दास सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती पावले ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस से लेकर गांधी जयंती तक सेवा पखवाड़ा पूरे देश में जन-जन तक भाजपा की सेवा और संकल्प का संदेश पहुचाने का अभियान है। प्रत्येक कार्यकर्ता का यह दायित्व है कि वह समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर सेवा और समर्पण की भावना से कार्य करे।

## संजय बने रविदास समाज के जिलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर





रविदास समाज जन-कल्याण का एक दिवसीय सामाजिक सम्मेलन रविदास भवन सभा कक्ष में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ संतो, गुरूओं एवं महापुरूषों के छायाचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद भारतीय संविधान का वाचन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश पदाधिकारी एवं संभागीय टीम का पुष्पमाला से स्वागत किया गया।

तत्पश्चात जिला कार्यकारिणी गठन की प्रक्रिया संपन्न हुई। इसमें सर्वसम्मति से संजय कुर्रे को जिला अध्यक्ष चुना गया। मुख्य अतिथि के रूप में सरगुजा संभाग अध्यक्ष शिवप्रसाद रवि उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता डीएल भास्कर ने की। संचालन पूर्व संभागीय अध्यक्ष एवं संस्थापक सदस्य अशोक लाल कुर्रे ने किया। अंत में शपथ ग्रहण एवं आभार प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर प्रदेश सचिव नरेन्द्र चंचल, संभाग पदाधिकारियों में बाल भगवान राम, बिघना रवि, लखनलाल कुर्रे, राजेन्द्र हितकर, रामगोपाल रवि, छत्रपाल रवि, राजेन्द्र सोलंकी, अवधेश कुर्रे, अमृत लाल टूण्डेज, गीता रवि, महावीर भास्कर, रविन्द्र रवि, बलरामपुर जिलाध्यक्ष सत्यप्रकाश रवि, सचिव हरेन्द्र रवि, सूरपुर जिलाध्यक्ष पन्नालाल सोनवानी, भावना कुर्रे, सुशीला कुर्रे सहित समाज के अन्य पदाधिकारी एवं काफी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।

## केंद्रीय मंत्री तोखन से वन विकास निगम अध्यक्ष ने की मुलाकात

**सूरजपुर।** केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू से उनके दिल्ली स्थित निवास पर छत्तीसगढ़ वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा तथा पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल ने सौजन्य भेंट की।

इस दौरान प्रदेश के समग्र विकास, संगठनात्मक गतिविधियों तथा राजनीतिक रणनीति को लेकर विस्तृत चर्चा की। मुलाक़ात को सौहार्दपूर्ण और सकारात्मक बताते हुए उपस्थित नेताओं ने कहा कि प्रदेश की प्रगति और जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए संगठन और सरकार के बीच बेहतर तालमेल आवश्यक है। बैठक में संगठन की मजबूती और भविष्य की योजनाओं को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया।

## जिला-विभाग स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन

**मनेन्द्रगढ़।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय सरभोका में आयोजित जिला-विभाग स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन बड़े हर्षोल्लास के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती चंपादेवी शामिल हुरइं।

अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि खेल बच्चों को अनुशासन, टीमवर्क और आत्मविश्वास सिखाते हैं। ऐसी प्रतियोगिताओं से न केवल खेल प्रतिभाएं निखरती हैं, बल्कि समाज में ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार होता है। प्रतियोगिता में विजयी रहे प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं को पदक पहनाकर सम्मानित किया गया और उनके उज्जवल भविष्य की



शुभकामनाएं दी गरइं। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी हनुमान प्रसाद अग्रवाल, विद्यालय प्राचार्य, शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं, भाजपा कार्यकर्ता सहित काफी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

**न्यायालय तहसीलदार बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.)**

**ईशतहार**

क्रमांक /वाचक/2024
बैकुण्ठपुर दिनांक / /2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं ग्रामवासी/नगरवासी ग्राम देवरी की आम जनता को ईशतहार के जरिए सूचित किया जाता है कि आवेदक/ आवेदिका दीपक कुमार पिता/पति स्व. हीरासाय जाति बरगाह निवासी देवरी तहसील बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया के द्वारा स्व. हीरासाय निवासी देवरी का जन्म/मृत्यु दिनांक 20/8/2001 को होने के कारण जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

आवेदक/आवेदिका द्वारा प्रस्तुत उक्त जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने पर जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 25/9/25 को 11:00 बजे तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई सुनवाई नही होगी।

आज दिनांक 8/9/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया छ.ग.**

## पृष्ठ 1 का शेष

### पीजी कॉलेज में...

निर्णायक मंडल में नारा लेखन के लिए डॉ. राम यश पाल, पुष्पराज सिंह एवं डॉ. कुलदीप ओझा, वहीं रंगोली के लिए डॉ. अर्चना पाण्डेय, डॉ. प्रदीप द्विवेदी एवं श्रीमती नीलम गोयल शामिल रहे। मुख्य अतिथि श्रीमती सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा सिर्फ अनुशासन और संस्कार ही नहीं, बल्कि समाज को बदलने का सशक्त साधन है। आज सभी को संकल्प लेना चाहिए कि जिले का हर निरक्षर व्यक्ति शिक्षा से जुड़ सके। कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. हिमधर ने कहा कि यूनेस्को ने वर्ष 1965 में 8 सितंबर को अंतर्राष्टीय साक्षरता दिवस घोषित किया था। इस वर्ष की थीम डिजिटल युग में साक्षरता को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि राष्टीय शिक्षा नीति 2020 के तहत लागू नवभारत साक्षरता कार्यक्रम में बुनियादी साक्षरता, संख्यात्मकता, जीवन कौशल, व्यावसायिक शिक्षा और सतत शिक्षा जैसे पांच घटक शामिल हैं। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ स्वयंसेविका तुनप्रिया यादव ने किया तथा अंत में कार्यक्रम संयोजक अनुरंजन कुजूर ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कृष्णा राजवाड़े, निखिल साहू, तनिषा, ललिता, अर्पणा, तौफिक खान एवं धनेश्वर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### बच्चों को मिलने वाले पोषण आहार, स्वच्छता व्यवस्था का लिया जायजा

## मंत्री लक्ष्मी ने धरसेड़ी आंबा केंद्र का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े भटगांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम धरसेड़ी स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री राजवाड़े ने केंद्र में बच्चों को प्रदत्त पोषण आहार की गुणवत्ता और उपलब्धता का जायजा लिया। उन्होंने आंगनबाड़ी परिसर की स्वच्छता, बच्चों की उपस्थिति, खेल-खेल में सीखने की व्यवस्था तथा कार्यकर्ताओं की मौजूदगी की जानकारी ली।

मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं से नियमित रूप से बच्चों को समय पर पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने और केंद्र में साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास की बुनियाद हैं, इसलिए यहां दी जाने वाली सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। श्रीमती राजवाड़े ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि केंद्रों में पंजीकृत बच्चों को समय पर पूरक पोषण आहार, टीकाकरण और अन्य सेवाएं सुनिश्चित की जाएं। साथ ही गर्भवती एवं धात्री माताओं को भी योजनाओं का लाभ समय पर मिले, इसके लिए विशेष निगरानी रखी जाए। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने ग्रामीणों से चर्चा कर केंद्र की व्यवस्था की जानकारी ली।

